प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक : 23.06.2025 समय : 02.10पीएम

मुखर्जी पुण्यतिथि

राष्ट्र आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि डॉ० मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने का विरोध किया था।

जे.पी. नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष,भाजपा

वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने आज भोपाल स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्ययोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के वन क्षेत्र को हरा–भरा रखने के लिये वन विभाग की नई कार्ययोजना में 50 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिये 5 साल की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के अंतर्गत नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया के तहत वातावरण तैयार किया जाना है। इसमें वनों पर आधारित 30 लाख परिवारों की आजीविका को सुधारने का लक्ष्य है। डॉ. यादव ने कहा कि जंगल के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने के लिये नगर वन तैयार किये जा रहे हैं। प्रदेश में इस तरह के 100 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 26 नगर वन तैयार हो चुके हैं और 29 नगर वन बनाये जाने का काम शुरू हो चुका है।

कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 27 जून को रतलाम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिये आयोजित राइज 2025 कॉन्क्लेव, का शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार और नवाचार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव 350 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 35 से अधिक औद्योगिक अधोसंरचना परियोजनाओं, क्लस्टरों और विभागीय भवनों का भूमि–पूजन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1500 करोड़ रूपये से अधिक निवेश की 50

नई औद्योगिक इकाइयों की आधारशिला भी रखी जाएगी। कार्यक्रम में ओएनडीसी, एनपीसीआई और वालमार्ट जैसी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

<u>मानसून–मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सभी जिलों से बारिश होने की सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि सड़क या किसी पुल–पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो, तो नागरिक उसमें आने–जाने से बचें।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के कई जिलों में आज भी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक बारिश की चेतावनी जारी की है।

समाचार संक्षेप में ..

- वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर आज जबलपुर में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- बैतूल जिले के जय कुमार ने थेपे ने नेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है । वे 2 से 5 सितम्बर तक चीन में होने वाले एशियन चौम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- राजगढ़ जिले में ब्यावरा रोड स्थित बड़े पुल के पास आज एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

.......................